संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE
सत्यमेव जयते

RSCB

आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

Regional Science Centre, Bhopal
(A unit of National Council of Science Museums)
Ministry of Culture, Government of India

Ref: RSCB/16035/2026-27/675(E)

दिनांक: 23/11/2026

प्रति / To,
प्रधानाचार्य / Principal
विद्यालय / School
भोपाल / Bhopal

विषय / Subject: अंतर-विद्यालय वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2026-27 हेतु विद्यार्थियों के नामांकन के संबंध में / Nomination of Students for Inter-School Annual Science Quiz 2026-27.

महोदय/महोदया / Sir/Madam,

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल की ओर से सादर अभिवादन! Warm greetings from the Regional Science Centre, Bhopal!

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक इकाई, तथा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (MPCST), भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के अंतर्गत अंतर-विद्यालयीन वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयीन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करना तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा और रुचि विकसित करना है। इसके साथ ही, विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना एवं टीम भावना का विकास करना भी इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मकता, समस्या-समाधान कौशल एवं अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।
The Regional Science Centre, Bhopal, a unit of the National Council of Science Museums (NCSM), in collaboration with the Madhya Pradesh Council of Science and Technology (MPCST), Bhopal, is organising the Inter-School Annual Science Quiz Competition for the academic session 2026–27. The objective of this competition is to foster a scientific temper and logical thinking among school students, while encouraging curiosity and interest in science and technology. It also aims to promote healthy competition, teamwork and a spirit of collaboration among students. This initiative is aligned with the vision of the National Education Policy (NEP) 2020, which emphasises the development of scientific temper, critical thinking, creativity, problem-solving abilities and experiential learning among students.

इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सभी विद्यालयों के पात्र विद्यार्थियों को सहभागिता का अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आपके विद्यालय से निम्नलिखित दो श्रेणियों में विद्यार्थियों के नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं: The competition is open to eligible students from all schools across Madhya Pradesh. Nominations are invited from your school for participation in the following two categories:

• श्रेणी A / Category A: कक्षा 7वीं से 8वीं तक के विद्यार्थी (दो विद्यार्थियों की एक टीम)। Students studying in Classes 7 to 8 (One team comprising two students).
• श्रेणी B / Category B: कक्षा 9वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी (दो विद्यार्थियों की एक टीम)। Students studying in Classes 9 to 10 (One team comprising two students).

दोनों श्रेणियों (श्रेणी A एवं श्रेणी B) के लिए लिखित परीक्षा **08 दिसम्बर 2026** को आयोजित की जाएगी। सभी नामांकित विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सूचित किया जाए। The written examination for both categories (Category A and Category B) will be conducted on **08 December 2026.** All nominated students may kindly be informed accordingly and advised to be available for the examination on the scheduled date.

अतः आपके विद्यालय से उपर्युक्त पात्रता के अनुसार विद्यार्थियों की टीमों का नामांकन करने का अनुरोध है। नामांकन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर निम्नलिखित गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से 07 दिसम्बर 2026 को दोपहर 12:00 बजे तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें। Schools are requested to nominate teams of students fulfilling the above eligibility criteria. The duly completed prescribed nomination form must be submitted through the following Google Form link on or before 07 December 2026, 12:00 noon.

नामांकन हेतु गूगल फॉर्म लिंक / Google Form Link: https://tinyurl.com/isasq2026-27

प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तें इस पत्र के साथ संलग्न हैं। सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे इस सूचना को अधिकाधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाएँ तथा पात्र विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। Detailed guidelines, eligibility criteria, rules and regulations pertaining to the competition are enclosed herewith. All schools are requested to disseminate this information among their students and encourage as many eligible students as possible to participate in this academic initiative.

आपके विद्यालय की सक्रिय सहभागिता से इस प्रतियोगिता को सफल बनाने तथा विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होगा। Your school's active participation will contribute significantly towards the success of this competition and the promotion of scientific curiosity and thinking among students.

आपके सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा के साथ।
We look forward to your cooperation and enthusiastic participation.

भवदीय / Yours sincerely,

(साकेत सिंह कौरव / Saket Singh Kaurav)
प्रधान क्यूरेटर तथा केन्द्र प्रमुख/Principal Curator & Centre Head